जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2013/2094 दिनांक.30.10.2013

// प्रेस विज्ञप्ति //

विश्वविद्यालय द्वारा अपनी पूर्व अधिसूचना क्रमांक जीवि/परीक्षा–2/गोप0/2013/1825 दिनांक 08.08.2013 के अनुक्रम में माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार **स्नातक–बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0/ बी0एस0सी0 (होम साइंस) पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2013 दिनांक 09 नवम्बर 2013** से प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है।

स्नातक पंचम सेमेस्टर परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाईट WWW.Jiwaji.edu दिनांक 27.10.2013 पर उपलब्ध है।

पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2013 में (नियमित छात्र के रूप में) सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह दिनांक **09 नवम्बर 2013** से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं हेतु पूर्ण तैयारी करें।

विश्वविद्यालय क्षेत्रांर्गत समस्त प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि वह स्नातक पंचम सेमेस्टर बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0/ बी0एस0सी0 (होम साइंस) का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करायें। तथा परीक्षा संपादित कराने हेतु समस्त तैयारी पूर्ण करें। जिससे परीक्षायें निर्धारित कार्यक्रमानुसार सुगमता से संपादित हो सकें।

विश्वविद्यालय के क्षेत्रांर्गत सभी जिले के अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अनुरोध है कि वह पूर्व की भांति जिलास्तरीय उड़नदस्ता दलों का गठन कर अपने क्षेत्रांर्गत आने वाले सभी परीक्षा केन्द्रों पर सतत् निगरानी रखें। जिससे नकल की प्रवृत्ति पर नियंत्रण रखा जा सके।

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पंचम सेमेस्टर की **परीक्षायें 09 नवम्बर 2013** से सम्पांदित करने हेतु पूर्ण तैयारी कर ली गई है। उत्तरपुस्तिकायें संबधित परीक्षा केन्द्रों पर भिजवाई जा रही है, तथा प्रश्न–पत्र निमार्ण का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार परीक्षायें सम्पादित करने हेतु विश्वविद्यालय क्षेत्रांर्गत आने वाले सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों से विश्वविद्यालय द्वारा अनुरोध किया गया है कि वह निर्धारित कार्यक्रमानुसार परीक्षायें सम्पादित कराने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

कुलसचिव